कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website – www.bcspgcdmt.com
E-mail – pgcollege.dhamtari@gmail.com

| NAAC GRADE- B+ | AISHE CODE- C-21763 |
|---|---|

दूरभाष– 07722-238933
फैक्स – 07722-237933

दिनांक 07-12-20.

:: प्रतिवेदन ::

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में महाविद्यालय की त्पीड़न शिकायत निवारण आंतरिक समिति के तत्वाधान में स्मार्ट क्लास रूम (भूगोल विभाग) महिलाओं पर हो रही हिंसा की रोकथाम के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया या। जागरूकता शिविर में सखी वन स्टॉप सेंटर धमतरी की केन्द्राध्यक्ष श्रीमती उषा ठाकुर उपस्थित थी। श्रीमती उषा ठाकुर ने सखी वन स्टॉफ की स्थापना, उद्देश्य और कार्य के बारे में जानकारी दी कि किस प्रकार सखी वन स्टॉफ सेंटर महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करना और उनमें आत्म विश्वास जागृत करने के लिए तत्पर रहता है। उन्होंने घरेलू हिंसा, भरण–पोषण के साथ–साथ विभिन्न अपराधों के बारे में जानकारी प्रदान की। सभी से अपील की कि आवश्यकता पड़ने पर बेझिझक सखी सेंटर आ सकते है। प्रभारी प्राचार्य–डॉ. मनदीप खालसा ने छात्राओं से अपील की कि विवाहोपरांत सौहार्द्रपूर्ण संतुलन बनाकर रहें और किसी प्रकार की हिंसा होने पर उसका प्रतिकार करें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राएं एवं महिला प्राध्यापक और तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रभारी
डॉ. हेमवती ठाकुर
लैंगिक उत्पीड़न शिकायत निवारण आंतरिक समिति
बी.सी.एस.शास. स्नातको. महाविद्यालय धमतरी
जिला–धमतरी (छ.ग.)

(डॉ. मनदीप खालसा)
प्र.प्राचार्य
बी.सी.एस.शास. स्नातको. महाविद्यालय धमतरी
जिला–धमतरी (छ.ग.)

Principal
B.C.S. Govt. P.G. College
Dhamtari (C.G.)

शासकीय महाविद्यालय धमतरी

# सखी सेंटर ने पीजी कॉलेज में लगाया शिविर छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने की सलाह दी



पीजी कॉलेज धमतरी में आयोजित हिंसा की रोकथाम के लिए जागरूकता शिविर में उपस्थित महिलाएं व छात्राएं।

**धमतरी**| पीजी कॉलेज धमतरी में सखी वन स्टाफ सेंटर ने महिलाओं पर हो रही हिंसा की रोकथाम के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया। अतिथियों के स्वागत के बाद सखी वन स्टाफ सेंटर की केन्द्राध्यक्ष उषा ठाकुर ने सखी वन सेंटर के विषय में जानकारी दी। महिलाओं पर हिंसा की रोकथाम के लिए जानकारी देते हुए उन्होंने घरेलू हिंसा, भरण पोषण एवं अन्य विविध अपराधों से संबंधित जानकारियां प्रदान करते छात्राओं एवं महिलाओं को जागरूक रहने की सलाह दी। आवश्यकता पड़ने पर बेझिझक सखी सेंटर आने के लिए प्रेरित की। प्रभारी प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने की सलाह दी। आभार प्रदर्शन डॉ. सपना ताम्रकार ने किया। मंच संचालन डॉ. हेमवती ठाकुर ने किया। इस अवसर पर डॉ. अनिता राजपुरिया, ग्रेस कुजूर, नमिता कर, जयश्री पंचागम, डॉ. सीमा साहू, रश्मि कुजूर, दीपा साहू एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# Awareness Programme by Sakhi one stop centre 7.12.2022







